फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय

लंबगाव, टिहरी गढ़वाल

"आज़ादी की 75वी वर्षगांठ"

सम्बोधन;

उच्च शिक्षा विभाग
उत्तराखंड
एवम
शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार

राष्ट्र, स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस सिलसिले में देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यह महोत्सव जन भागीदारी के साथ जन-उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। इसलिए, सरकार ने विभिन्न कार्यक्रम कराने का फैसला किया और सरकार ने उत्सव का नाम 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' रखा। अमृत महोत्सव का अर्थ है स्वतंत्रता के 75 वर्ष।

"भारत की स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष का जश्न"

देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृतमहोत्सव के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत राजकीय महाविद्यालय लंबगाव में, प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश की अध्यक्षता में, राष्ट्रीय सेवा योजना एवम महाविद्यालय की समारोह/ सांस्कृतिक एवं आज़ादी अमृत महोत्सव कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में "प्लास्टिक उन्मूलन कार्यक्रम" का आयोजन किया गया जिसके तहत वृक्षरोपण क साथ महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त एवम प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के प्रति सचेत करने के लिए जान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ।

महाविद्यालय के छात्र, छात्राएं, समस्त प्राध्यापक गण एवम कर्मचारी गण द्वारा आज़ादी की 75वी वर्षगांठ के जश्न को जान मानस तक फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली में छात्र - छात्राओं ने देशभक्ति के नारे लगाए, जिन्हें सुनकर रैली में शामिल लोग देशभक्ति से ओत-प्रोत दिखाई दिए। रैली के जोश ने आस पास से गुजरने वाले लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित किया ।



इस शुभ अवसर पर करिश्मा, सोनाली, विपिन, दीवान, ज़ैनब, शालू, पूजा, अनीता, महाविद्यालय क छात्र - छात्राएं तथा प्राध्याकपक गण में डॉ. सतेंद्र कुमार पांडेय, डॉ. भारत सिंह चुफाल, डॉ. भारत राणा, डॉ. अब्दुल वहाब, डॉ. मनवीर कंडारी, डॉ. विजय राणा, डॉ. शुभम उनियाल, श्री दुर्गा प्रसाद ओलिया, श्रीमती प्रियंका डिमरी, श्री धनेश उनियाल, श्रीमती अनुजा रावत, श्री अजीत राणा, श्री बलबीर चौहान, श्रीमती मयनी चौधरी, श्री मुकेश रमोला, श्री बलबीर बिष्ट, कर्मचारी गण में मकान, मधु देवी, शोभन, लोकेश, मनीषा, सूरज उपस्तिथ रहे ।

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय
लम्बगांव
टिहरी गढ़वाल
राष्ट्रीय सेवा योजना
NOT ME BUT YOU